संस्थान कार्य विभाग

भारतीय प्रौद्योगिक संस्थान रूड़की

पत्रांक सं0 स.का.वि./निविदा/स वा./1713 दिनांक: जनवरी 15, 2024

अल्पकालिन निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रुड़की परिसर के निम्न वृक्षों/वृक्ष अवशेषो (सूची संलग्न) के पातन/खुदान एवं बिक्री हेतु जहां है जैसे के आधार पर अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा अलग–अलग बन्द लिफाफे में निविदाएं **संस्थान वास्तुविद** कार्यालय में **दिनांक 20.01.2024** को 11.00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। निविदाएं उसी दिन अपरान्ह 12.30 बजे खोली जायेंगी।

कार्य का नाम	धरोहर राशि (रू0)	निविदा प्रपत्र मूल्य (रू0)
संस्थान परिसर में सूखे, खोखले एवं खतरनाक खड़े 16 वृक्षों/ वृक्ष अवशेषो के पातन/खुदान, निस्तारण एवं बिक्री।	25000.00	1180.00

निविदा की षर्तें :–

1. निविदा प्रपत्र, **दिनांक 19-01.2024 को अपराह्न 5.00 बजे तक** आवेदन पत्र के साथ स्वयं हस्ताक्षरित आई. डी., आवश्यक धरोहर धनराशि के रूप में नेषनलाइज्ड बैंक की एफ.डी.आर. जो **संस्थान वास्तुविद, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की [Institute Architect, I.I.T.Roorkee]** के नाम बन्धक हो, व निविदा प्रपत्र (GST सहित) मूल्य रु. 1180/– वत एवं लेखा कार्यालय में जमा कर प्राप्त रसीद अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में जमा कर, प्राप्त किया जा सकता है।
2. निविदा, निविदा प्रपत्र पर ही मान्य होगी। धनराशि को अंको व शब्दों में हिन्दी अथवा अंग्रेजी में स्पष्ट लिखी जाये कटिंग पर निविदाकर्ता को अपने हस्ताक्षर करने आवश्यक है। अधुरी, कटिंग अथवा ओवरराईटिंग, बिना हस्ताक्षर की निविदा स्वीकार नहीं होगीं व बिना बोले निरस्त कर सील बन्द कर दी जायेगीं।
3. निविदा प्रपत्र में आवेदनकर्ता को अपना नाम, पता, मोबाईल नम्बर व ई–मेल आई. डी. (यदि है तो) स्पष्ट रुप में आवेदन पत्र में लगाई गयी आई. डी. के अनुरुप लिखना आवश्यक है। पते के सत्यापन के लिए आधार कार्ड/पैन कार्ड/फोटो पहचान पत्र में से किसी एक स्वयं सत्यापित फोटो प्रति निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करना आवश्यक है।
4. यदि दो या दो अधिक ठेकेदारो की निविदा की दरें समान पाई जाती है तो Negotiations के पश्चात सबसे अधिक दरें देने वाले निविदाकर्ता की निविदा मान्य होगी।
5. निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु निम्न दस्तावेजों की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा। यदि आवेदनकर्ता द्वारा निम्न दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराते है तो आवेदनकर्ता को निविदा प्रपत्र नहीं दिया जायेगा।
    - जी0 एस0 टी0 रजिस्ट्रेशन
    - पेन कार्ड
    - आधार कार्ड
    - एफ0 डी0 आर0
    - मोबाइल नं0
    - निविदा प्रपत्र मूल्य रसीद
6. उच्चतम निविदा का चयन प्राप्त उच्चतम दरों के आधार पर होगा।
7. निविदाकर्ता को निविदा खुलने के समय उपस्थित रहना चाहिए व निर्णय हेतु निविदा, खुलने से तीन माह तक वैद्य होगी।
8. प्रथम उच्चतम निविदाकर्ता को स्वीकृति पत्र निर्गत के तीन दिन के अन्दर निविदा की पुर्ण धनराशि व लागू जी एस टी दोनों **कुलसचिव, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की (Registrar, I.I.T. Roorkee)** के नाम बने **दो अलग–अलग बैंक ड्राफ्ट** वत एवं लेखा कार्यालय /संस्थान वास्तुविद कार्यालय में जमा कराने होगें, जिसके पश्चात स्वीकृति पत्र के अनुरुप चिन्हित वृक्षों का निस्तारण किया जायेगा। ऐसा न करने पर स्वीकृति निरस्त कर निविदाकर्ता की जमा धरोहर धनराषि जब्त कर ली जायेगी।
9. वृक्षों के पातन/खुदान एवं निस्तारण का कार्य स्वीकृति पत्र निर्गत के 50 दिन के अन्दर कार्य दिवस एवं कार्यालय समय में पूर्ण करना होगा।
10. वृक्षों के निस्तारण के समय यदि किसी प्रकार की संस्थान की सम्पत्ति की क्षति होती हैं तो निविदाकर्ता को अपने व्यय से पूरी करनी होगी।
11. हर नयी जगह कार्य लगाने से पूर्व व लौटते समय ठेकेदार सभी संबन्धित को सुचित करेगा। ऐसा न करने पर हर प्रकार की जिम्मेदारी ठेकेदार की होगी।